तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024

10 जनसमस्याओं का करें त्वरित निराकरण, आंबा केंद्रों ...



11 पीएम मोदी की परिकल्पना से बस्तर विकास की ओर ....





## डेढ़ दशक से सक्रिय दो महिला और दो पुरुष नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर दो महिला तथा दो पुरुष नक्सलियों ने आज एसपी किरण चव्हाण, रतिकान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ एवं निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है। इन्हें 25-25 हजार की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी गई। ज्ञात हो कि ये सभी माओवादी संगठन के हार्डकोर नक्सली विगत डेढ़ दशक से महाराष्ट्र सहित छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अनेक स्थानों पर कई बड़ी-बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे ।

सभी पर है 20 लाख का इनाम



### इन्होंने किया समर्पण

आत्मसमर्पित नक्सलियों में कैलाश उर्फ कवासी देवा पिता हिड़मा कम्पनी नम्बर 10 प्लाटून, सेक्शन ए के डिप्टी कमाण्डर इनामी 8 लाख निवासी पामलूर थाना किस्टाराम, वंजाम हड़मा उर्फ सुनील पिता देवा प्लाटून नंबर 30 का पीपीसीएम इनामी 5 लाख निवासी बडे गोंदपल्ली थाना गादीरास, सुक्की मड़कम पिता केसा दक्षिण बस्तर डिवीजन टेक्निकल टीम सदस्य एसीएम, इनामी 5 लाख निवासी पामलूर थाना किस्टाराम एवं रव्वा देवे पिता रव्वा देवा महाराष्ट्र गढ़चरोली भामरागढ़ एरिया कमेटी सदस्य, इनामी 2 लाख निवासी बड़ेसट्टी दुरमा थाना फुलबगड़ी ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर के पलटने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत हाटकोंदल निवासी 39 वर्षीय मन्नूराम नुरेटी पिता गन्नूराम का ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक्टर से खेत का मताई कर रहा था। मताई करते समय ट्रैक्टर का मुण्डी अनबैलेंस होकर पलट गया। ट्रैक्टर में बदने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्वंय की लापरवाही से हुई युवक की मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत परतापुर से महला जाने वाले मे 27 मई को हुई सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की पेड़ में टकरा जाने से मौत हो गई। पेड़ में टकराने से चालक को गंभीर चोट आया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। परतापुर थानांतर्गत ग्राम माहला निवासी 55 वर्षीय दशरथ तारम पिता स्व. जरहुराम तारम का पेड़ से टकराने के कारण मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महला निवासी दशरथ पिता स्व. जहुरराम 27 मई को करीबन 4 बजे परतापुर से महला जाने की पक्की रोड में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एन 0858 में सवार होकर निकला था। वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रोड किनारे बीजा के पेड़ से टकरा गया। टकराने के कारण मृतक को गंभीर चोंटे आई, जिसे ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाया गया। चिकित्सक ने परीक्षण कर युवक के मौत होने की पुष्टी किया। मृतक की मृत्यु स्वंय की लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चलाकर बीजा के पेड़ से टकराने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 304 (ए) भादवि. का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।

### बाइक बनवाने की बात को लेकर दो युवक के बीच विवाद

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 36 चांदीपुर में बाइक को बनवाने की बात को लेकर दो पक्ष मे विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने थाना पहुंचकर एक दुसरे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्ष की बात सुन काउंटर केस दर्ज किया है। थाने में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 36 चांदीपुर निवासी 24 वर्षीय मुकेश राय पिता बलई राय ने पुलिस को बताया कि चांदीपुर निवासी राहूल खराती पिता स्व. जतीन खराती मेरा दोस्त है जो मेरे मोटर सायकल को गिरा दिया गया था और बाद में बनवा दूंगा बोला था। तब राहुल खराती के घर 14 जुलाई को रात 8 बजे मोटर सायकल बनाने के संबंध में बातचीत करने गया था। राहु खराती को मोटर सायकल को बनवाने के लिए बोल रहा था तब वह पैसा नहीं है बोला। तभी राहुल खराती का चाचा आरोपी संजीत खराती डण्डा लेकर आया और तू मेरे घर आकर मेरे भतिजे से पैसा मांगता है, आज तुझे जान से मार दूंगा बोलकर धमकी देते हूए पास में रखे डण्डा से मेरे सिर, बांण जंघा के पास मारपीट किय, जिससे खून निकलने लगा। मारपीट को देख आसपास के लोगो ने बीच बचाव किया। प्राथी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। वही दूसरे पक्ष से पीव्ही 36 चांदीपुर निवासी 20 वर्षीय राहूल खराती पिता जतिन खराती ने पुलिस को बताया कि गांव के मुकेश राय के साथ मेरा जान पहचान व उठना बैठना है। मुकेश राय के मोटर सायकल मेरे से गिर गया था, जिसे बाद में बनवा दूंगा बोला था। 14 जुलाई की रात करीबन 8 बजे आरोपी मुकेश राय मेरे घर आकर मुझे मोटर सायकल बनवा दो कहकर जबरदस्ती विवाद करने लगा और मेरे द्वारा मोटर सायकल को बाद में बनवा दूंगा कहने पर गुस्सा होकर गाली गलौज करने लगा।

**आयोजन :** विजय वार्ड में लगी महापौर चौपाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

## जनसमस्याओं का हो त्वरित निवारण, विकास कार्यों में नहीं होगी कोई भी कमी : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम के द्वारा जनसमस्याओं के मौके पर त्वरित निवारण के लिये वार्डवार महापौर चौपाल लगाने का अभियान आरंभ हुआ है। मंगलवार को विजय वार्ड क्रमांक 2 में महापौर चौपाल का आयोजन कृष्ण मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। उन्होंने शिविर में आये लोगों से चर्चा की, उनकी समस्याओं से अवगत हुये और महापौर चौपाल के माध्यम से जन समस्याओं का अविलंब समाधान करने अधिकारियों को कहा। उन्होंने कहा कि महापौर चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं की चिंता करते हुए उनको मूलभूत सुविधा देने जो कार्य निगम प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किया गया है वह बहुत ही प्रशंसनीय कदम है और जनता से सीधे संवाद का माध्यम है। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना महती कार्य है। नगर निगम की वर्तमान सरकार संवेदनशील है। महापौर चौपाल में जनता की जो समस्याएं आ रही है उसका उपयुक्त समाधान किया जाए। जगदलपुर शहर विकास को लेकर किसी प्रकार की राशि की कमी नहीं होगी, हम सब मिलकर चौमुखी विकास कार्य करेंगे। जनता के द्वारा चुनी गई सरकार जनता के बीच जाए। महापौर सफीरा साहू एवं जनप्रतिनिधि, निगम के अधिकारी कर्मचारी स्वयं उपस्थित होकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे है। महापौर चौपाल में लोगों के सैकड़ों आवेदन आ रहे हैं। जिनका समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा है। वार्ड में शिविर के माध्यम से लोगों को मूलभूत सुविधा देने को लेकर चौपाल लगाया जा रहा है। चौपाल प्रतिदिन वार्डवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जा रहा है। महापौर चौपाल शहर के 48 वार्डो में लगाया जाकर वार्डो में लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, पेयजल, वार्ड की साफ सफाई, वृद्धावस्था पेंशन एवं अन्य पेंशन योजना ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ नगर सरकार जनता के बीच जाकर सुन रही समस्याएं, महापौर चौपाल सराहनीय कदम



### चौपाल में आई समस्याओं का होगा जल्द निराकरण



महापौर सफीरा साहू ने बताया कि चौपाल लगाने का उद्देश्य शहर के वार्ड के लोगों को उनके मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना है। चौपाल का शुभारंभ शहर के प्रवीर वार्ड से किया गया जहां काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर अपनी समस्या बतायी। जिनकी समस्या सूचीबद्ध अलग-अलग विभागों द्वारा किया जा रहा है। लोगों की जिन समस्याओं का तत्काल समाधान हो सकता है, उसे किया जा रहा है। शहर के वार्ड में लोगों को मूलभूत आवश्यकता के लिए नगर निगम कार्यालय ना आना पड़े। प्रशासन उनके वार्ड में पहुंचे उनकी समस्याओं का निराकरण तत्काल चौपाल में हो जाए यह हमारा उद्देश्य है। यह चौपाल 48 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से लगाया जाएगा। जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाना है उसे किया जा रहा है वहीं शेष आवेदनों को सूचीबद्ध किया जा रहा है जिनका निराकरण किया जाएगा।

## न्यायालय परिसर में गुण्डागर्दी मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**सूचना मिलने के दो घंटे के भीतर आरोपी पकड़ाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित जिला न्यायलय परिसर में गुंडागर्दी व मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा गाड़ी साइड करने की बात पर मारपीट करते हुए शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करने का पता लगते ही दो घटें के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि मामले में आरोपी सौरभ उर्फ दीपक तिवारी 36 वर्ष निवासी दलपतसागर वार्ड को गिरफ्तार किया गया है। मामले की रिपोर्ट थाना बोधघाट में प्रार्थी रंजीत मालाकार ने दर्ज कराते हुए बताया कि 11 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे गाड़ी साइड लगाने के नाम पर आरोपी द्वारा मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। उसके द्वारा गुंडा गर्दी करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए ड्यूटी के दौरान शासकीय कार्य में बाधा डाला गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में मामला दर्ज कर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आरोपी सौरभ कुमार तिवारी उर्फ दीपक की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक सोनामनी मंडावी, आरक्षक भैरव सिन्हा, होरी लाल आर्मो व त्रिनाथ कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

■ शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए की थी मारपीट

## खाना खाकर निकला युवक सिगरेट फूंककर फांसी के फंदे पर झूल गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शहीद स्मॉरक के करीब एक युवक देर रात पहले सिगरेट पी फिर झूले के लिए बनाए गए रस्सी को फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। युवक के सिगरेट पीने व आत्महत्या करने की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई और सोशल मिडिया में वायरल हो गई।

जानकारी के मुताबिक मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के आमागुड़ा के करीब का है यहां रहने वाले युवक ने बीती रात घर से 100 मीटर दूर शहीद स्मारक के पीछे बच्चों के झूलने वाले झूले को गले में फंदा बनाकर झूल गया। इस घटना का वीडियो घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सुबह युवक के पिता ने खोजबीन के दौरान बेटे के शव को फंदे में लटका देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज रवाना किया और पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक आमागुड़ा चौक निवासी अभय बघेल 21 वर्ष बीती रात अपने परिजनों के साथ खाना खाने के बाद रात करीब 12 बजे अपने कमरे से निकलकर घर से 100 मीटर दूर शहीद स्मारक के पीछे आराम से कुछ मिनट तक सिगरेट पीने के बाद बच्चों ने अपने झूलने के लिए बनाए गए झूले को गले मे लगाकर झूल कया जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब पिता बेटे को कमरे में नही देखा तो खोजने निकला और बेटे को फाँसी में लटकता देख आसपास के लोगों को सूचना दिया और पुलिस को बुलाया गया। युवक ने आत्महत्या क्यों कि इसकी पड़ताल पुलिस कर रही है।

■ आत्महत्या का लाइव विडियो आया सामने

## अवैध शराब के साथ पकड़ा गया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला दन्तेवाड़ा में अवैध गतिविधियों एवं अपराधों के रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला तथा राम कुमार बर्मन के मार्ग दर्शन एवं राहूल उयके एसडीओपी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक विजय पटेल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने अवैध कार्यों में लिप्त असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की है। 15 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर कि एक व्यक्ति टेकनार रोड अंत्यावसायी केन्द्र के पास मोटर सायकल में बैग में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा है। उपनिरीक्षक गोल्डी भारद्वाज, सउनि गुरूवंता बर्गे, प्र.आर. केशव नाग, आर. राजेश इस्ताम, म.आर. एमरेंसिया कुजूर ने उसे पकड़ा। पूछताछ करने पर सुरेश ▶▶| शेष पेज 10 पर



## दो ऑनलाइन डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नगर के अंबेडकर चौक स्थित ऑनलाइन डिलीवरी सेंटर से उसी सेंटर पर काम करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। 4 जुलाई की मध्य रात्रि ऑनलाइन सेंटर पर शटर का ताला खोल तीन मोबाइल व एक डिजिटल कैमरा की चोरी की गई थी। जि स की शिकायत पुलिस थाना कोण्टा में दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी अजय सोनकर ने सभी पहलुओं पर जांच कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार इन दो चोरों ने पहले फर्जी फोन नंबरों से सामान का आर्डर किया व सामान आने पर उसकी डिलीवरी न लेकर, पुरानी चाबी से ताला खोलकर चोरी की ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ ऑनलाइन सेंटर से की थी तीन मोबाइल और एक डिजिटल कैमरा की चोरी




### ये रहे सक्रिय

प्रकरण के निराकरण में थाना प्रभारी सहित साइबर प्रभारी मुकेश यादव, आरक्षक नेमपाल दिवाकर, महावीर यादव, शंकर साहू, अजीत ठाकुर, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र वर्मा, कवासी शंकर, आरक्षक पीलाराम सलाम, डोमेश देवांगन, विशाल मड़कम, सोडी सीताराम, माड़वी वीरा कोण्टा व साइबर के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### साइबर सेल का भी रहा योगदान

इस मामले में गिरफ्तार कुर्मी मुकेश पूर्व में इसी संस्था में सुपरवाइजर व डिलीवरी बॉय का काम करता था और इसके पास दुकान की एक चाबी थी। जिसके माध्यम से इसने अपने एक अन्य साथी सागर नायक के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

**कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति ने देश को कमजोर किया**

## साय सरकार प्रदेश के चहूंमुखी विकास के लिए कटिबद्ध : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मतदाता आभार सम्मेलन में बीजापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साल के 365 दिन कार्य करता है ,और जनता के हित में कार्य करता है। आने वाले 3 महीने बाद पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव होने जा रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जैसे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डटकर कार्य करके भाजपा को जिताया था वैसे ही मजबूती के साथ चुनावी मोर्चे पर डटे रहना है और कांग्रेस को बूथ से नेस्तनाबूद करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार महतारी वंदन योजना का लाभ दे रही है, धान बोनस सहित विभिन्न जनहितकाकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार से कमी होने नहीं दी जाएगी। कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति ने देश को कमजोर किया, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के नए सोपान तय कर रहा है। देश आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा हैं। हमारे सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार रहें।

■ भाजपा का मतदाता आभार सम्मेलन





### विषम परिस्थितियों में नहीं छोड़ा मैदान

सांसद महेश कश्यप ने बीजापुर विधानसभा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगे भी इसी तरह कार्य करने के प्रेरित किया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने मतदाता आभार सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा विषम परिस्थितियों में भी कार्यकर्ता मैदान नहीं छोड़े, आगे भी इसी तरह मैदान में डटे रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने मतदाता आभार कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिव नारायण पांडे, दीपक वाजपेई, जी. वेंकट के अलावा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# पूरी निष्ठा के साथ वकालत करें मंजिल जरूर मिलेगी : भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश के महाअधिवक्ता प्रफुल्ल भारत का जिला अधिवक्ता संघ द्वारा मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्ष में स्वागत किया गया। बस्तर जिला बार एसोसिएशन से वकालत का व्यवसाय शुरू करने वाले श्री भारत के छत्तीसगढ़ महाधिवक्ता बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मोहन मिश्रा ने कहा कि बस्तर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता स्व.नरेंद्र भारत जिन्होंने स्थानीय विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाया भी है वे हम सबके गुरु थे। उनके पुत्र को इस पद पर पाकर बस्तर ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरव का अनुभव कर रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक खान ने भी उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पिता स्व. नरेंद्र भारत हमेशा पढ़ा करते थे स्थानीय अधिवक्ताओं को जब भी कोई जानकारी लेनी होती थी तो उनके पास पहुंचने थे और उनका मार्गदर्शन मिलता था निश्चित ही उनके पुत्र में भी उनके पढ़ने का गुण नजर आता है और वे अपने परिश्रम से इस पद पर पहुंचकर बस्तर का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रदेश के महाधिवक्ता श्री भारत ने स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रहता बिलासपुर में हूं लेकिन बस्तरिया ही हूं।

## महाधिवक्ता का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत



### वकालत का पेशा एक तपस्या, पहले ज्ञान फिर मिलेगा पैसा

महा अधिवक्ता श्री भारत ने कहा कि वकालत का पेशा एक तपस्या है। आरंभ में पैसा नहीं मिलेगा, ज्ञान मिलता है। मुकदमा के रूप में टेंशन और फीस लेते हैं। लोगों को मुकदमे से बाहर निकालने की संतुष्टि आनंद दायक होता है। पेशा बहुत ही अच्छा है, एक बार मुकाम मिल गाया तो कभी पीछे मुड़ के नहीं देखना पड़ता। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 से वकालत इसी बार में सीखा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सहयोग और मार्गदर्शन भी मिला, उसके बाद बिलासपुर जाकर वकालत किया, आज मुझे वकालत करते हुए 30 साल हो गया है। उन्होंने नए अधिवक्ताओं से कहा कि पूरी निष्ठा के साथ वकालत करें और प्रतीक्षा करें मंजिल जरूर मिलेगी। बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरुण दास ने महाधिवक्ता श्री भारत का स्वागत करते हुए उपस्थित अधिवक्ता गणों से परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव लिखेश्वर जोशी ने किया। इस दौरान बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मिश्रा, उपाध्यक्ष हिलेना मोजेस, कोषाध्यक्ष दिनबंधु रथ अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पशुओं को लगाए गए टीके बीमार का किया गया उपचार

**कोंडागांव।** जिले के दुर्गम ग्राम कड़ेनार और कीलम में मंगलवार को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक डॉ. एस.के.पाण्डेय जिला कोंडागांव के एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के. नाग के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सालय मर्दापाल एवं चलित पशु चिकित्सा इकाई विकासखण्ड कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कड़ेनार एवं कीलम में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दोनों गांव के 142 पशुओं में लम्पि स्किन डिसीज़ तथा 478 पशुओं में गलघोटू एवं एकटंगिया रोग के टीके लगाए गए। 83 पशुओं में कृमिनाशक दवापान तथा 28 पशुपालकों को औषधि वितरण किया गया। 4 बीमार गाय-बैल के रक्त नमूने एवं रक्त पट्टी बनाकर डीआई लैब भेजा गया व उपचार भी किया गया। साथ ही पशुपालन के.सी.सी. के 3 प्रकरण भी बनाए गए। शिविर में मर्दापाल के प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ. के.के.कोर्राम, मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के प्रभारी डॉ. अनिल कटरावत, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आलोक नेताम, संजीत मरकाम, खेमेश्वर साहू, परिचारक गोंडुराम, सनत राम कोर्राम, पैरा वेटेनरी दिनेश कोर्राम उपस्थित थे।

### आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में नहीं है शौचालय



**नगरी।** पिछले 3 साल से शासकीय आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में शौचालय एवं मूत्रालय नहीं है। यहां पढ़ने वाले बच्चों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पालक समिति के अध्यक्ष उमेश नागवंशी, उपाध्यक्ष रोशन लाल द्वारा शिक्षा अधिकारियों को कई बार आवेदन देने के बाद भी अब तक ध्यान नहीं दिया गया। यहां की प्रधानपाठिका अहिल्या साहू, शिक्षकगण दुर्गाबाई, हीरालाल कंवर, राकेश्वरी कोसमा ने इस समस्या से अधिकारी को अवगत करा दिया है। पालक समिति के सदस्यों गणेशराम, राजेश्वर नेताम, कृष्ण कुमार ने शासन- प्रशासन से निवेदन करते हुए जल्द ही आश्रम माध्यमिक शाला दुगली में शौचालय एवं मूत्रालय का निर्माण करने की मांग की है।

### छात्रों को नोट बुक व स्टेशनरी सामग्री बांटी



**नगरी।** ग्राम बटनहर्रा स्थित प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में डॉ. हेमवती आनंद ठाकुर, प्राध्यापिका इतिहास विभाग बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय धमतरी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को नोटबुक व स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। गौरतलब है कि ग्राम बटनहर्रा के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए यह प्रेरणादायक कार्य डॉ. ठाकुर द्वारा विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। इस अवसर पर डॉ. ठाकुर ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बेहतर जीवन के लिए शिक्षा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। कड़ी मेहनत और लगन से अध्ययन कर जीवन में उत्तरोतर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन किया । कार्यक्रम के दौरान छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चों में एक अलग ही ऊर्जा का संचार हुआ। संस्था की ओर से प्रधानपाठिका श्रीमती गीता सोन एवं वरिष्ठ शिक्षक पूनम चंद ठाकुर ने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए ठाकुर दम्पति द्वारा लगातार किये जा रहे इन प्रयासों की सराहना की।

## आयोजन : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कार्यो से संबंधित दिए निर्देश

# जनसमस्याओं का करें त्वरित निराकरण, आंबा केंद्रों के विद्युतीकरण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान समय-सीमा प्रकरणों के साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनसमस्या निवारण शिविर, जनशिकायत पोर्टल, आदि माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की।

■ विभिन्न अवसरों पर मिले आवेदनों का करें निपटारा

कलेक्टर श्री दुदावत ने इस दौरान कहा कि बेहतर ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने के लिए ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारी अपने निर्धारित ग्राम पंचायतों में अवश्य जाएं और वहां जनचौपाल में जनता से बातचीत करते हुए स्थानीय समस्याओं की जानकारी लें। जिससे उन समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया जा सके। ग्राम पंचायत के नोडल अधिकारी उन क्षेत्र के आश्रम-छात्रावास, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करें। इसके साथ ही गांव में पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त करें।

कलेक्टर श्री दुदावत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पर प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हाथों पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में देवगुड़ी सहित सार्वजनिक स्थानों और सरोवरों के निकट पौधारोपण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने मलेरिया की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया के प्रकोप हेतु अनुकूल अवसर होने के कारण लोगों को मच्छरदानी के उपयोग सहित सभी सावधानियां बरतने हेतु आवश्यक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को मच्छरदानी का अवश्य उपयोग सुनिश्चित करने एवं सभी खिड़कियों में मच्छररोधी जाली लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया के अत्यधिक संभावना वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख स्थलों को ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी पर्यटन स्थलों के साथ ही जलप्रपात एवं उल्लेखनीय धार्मिक स्थलों का पंजीयन इसके तहत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार स्कूल जतन योजना के क्रियान्वयन में आई शिकायतों की जांच के लिए गठित समिति को एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी के कार्य की गति बढ़ाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले खाद्य निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण कार्य की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा विद्युत संबंधी मांग और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में केशकाल वन मंडलाधिकारी श्री एन गुरुनाथन, अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बीमा कंपनी अदा करेगी 3 लाख की क्षतिपूर्ति, भरेगी 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदक को दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 3 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए का जुर्माना अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी रमजान अली ने अपनी महिंद्रा बोलेरो वाहन का बीमा दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से करवाया था। आवेदक की वाहन शासकीय अधिग्रहण के दौरान एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी सूचना आवेदक द्वारा पुलिस थाने में एवं बीमा कंपनी को दिए जाने पर बीमा कंपनी द्वारा सर्वेयर एवं अन्वेषक नियुक्त कर वाहन में हुई क्षति का आंकलन करवाया गया। उसके बाद बीमा कंपनी द्वारा उक्त वाहन का व्यावसायिक प्रयोजन हेतु उपयोग करने का आक्षेप लेकर आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया गया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमाधारक की ओर से इस तरह के उल्लघंन को बीमाकर्ता द्वारा यह दिखाने के लिए स्थापित किया जाना चाहिए कि न केवल बीमाधारक ने अधिनियम के उल्लंघन में वाहन का उपयोग किया या उपयोग करने की अनुमति दी बल्कि यह भी जो उसे नुकसान हुआ है। बीमा शर्तों के उल्लघंन होने का प्रमाण का भार भी बीमा कंपनी पर होता है। बीमा कंपनी प्रमाणित करने में असफल रही है कि आवेदक द्वारा वाहन को बीमा शर्तों के उल्लघंन में चलाया जा रहा था, इसके लिए बीमा कंपनी को 10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।



## एम्स के डॉक्टर ने दी ट्रेनिंग काउंसलर दे रहे गांव-गांव में दस्तक

# अब नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल में मिर्गी का होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

भारत सरकार दिल्ली की एम्स न्यूरोलॉजिस्ट डॉ ममता भूषण सिंग ने अपने रिसर्च टीम के साथ सिविल अस्पताल नगरी में एक दिवसीय शिविर लगाकर 180 मिर्गी के मरीजों की जांच की। मरीजों को अलग अलग प्राथमिक स्वास्थय केंद्र के हिसाब से सूचीबद्ध किया गया है ताकि उसकी देखभाल कर इलाज आगे भी निरंतर किया जा सके।

■ शिविर में मिले मरीजों की सूची बनाकर निरंतर की जा रही देखभाल

एम्स दिल्ली की डॉक्टर ने नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल के डॉक्टर, मेडिकल ऑफ़िसर, आरएमए, स्टाफ़ नर्स को एक स्पेशल ट्रेनिंग दी ताकि अपने स्तर पर प्रथम चरण में इलाज कर सके। दूसरे चरण के लिए दिल्ली के काउंसलर जो नगरी ब्लॉक में मौजूद हैं, वे लगातार सभी अस्पतालों में जाकर अस्पताल के रजिस्टर से मिर्गी मरीजों का नाम सूचीबद्ध कर रहे हैं। साथ ही वे ग्रामीणों को जागरूक भी कर रहे हैं। तीसरे चरण में गंभीर हालत के लिए सीधे एम्स के डॉक्टर से संपर्क कर इलाज करने की सुविधा बताई गई है। अब मिर्गी पीड़ित व्यक्ति का अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में इलाज कर उसे पूरी तरह से स्वस्थ करने का काम चालू हो गया है। अब मिर्गी पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

सोमवार को पीएचसी सांकरा में डॉ किशोर साहू आरएमए, शीतल मिश्रा दिल्ली एम्स, यजुवेंद्र सोम फ़ार्मासिस्ट, कविता साहू उपस्थित थे। इन्होंने चर्चा में बताया कि भारत सरकार के दिल्ली एम्स की सुविधा से निश्चित ही मिर्गी के बीमार लोगों का बढ़िया से इलाज किया जा सकता है और आने वाले समय में इस बीमारी पर बहुत जल्द ही नियंत्रण भी हो पाएगा। इसके लिये ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इधर नगरी के बाद अब ग्रामीणों ने आगामी दिनों में पीएचसी सांकरा में शिविर लगाने की मांग की है।




# युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में मंगेतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने एक माह पूर्व आत्महत्या कर लिया था। जांच के दौरान पता लगा कि जिस युवक के साथ उसकी दिसम्बर माह में शादी होनी थी इस बीच उसने शादी से इंकार कर दिया था। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी मगेंतर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व ए ए स पी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच की जा रही थी। बोधघाट थाना क्षेत्र के मेटगुड़ा में रहने वाली युवती गुंजन मण्डल ने 11 जून को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। टीम को जांच के दौरान पता लगा कि युवती का जिस युवक से शादी होने वाला था उसने शादी से इकांर कर दिया था और आत्महत्या करने के लिए प्रेरित कर रहा था। मृतिका गुंजन 38 वर्ष एवं आरोपी दीपक बाघ 40 वर्ष का दिसम्बर माह में शादी तय हुआ था दोनों आपस में मिलते जुलते रहते थे और उनके बीच सम्बन्ध भी बने थे।

■ शादी हो गई थी पक्की, मिलना जुलना भी होता था फिर कर दिया शादी से इंकार

आरोपी ने गुंजन से शादी करने इंकार कर दिया था इस बीच मृतिका अपने परिवार के साथ आरोपी दीपक बाघ से बात करने के लिए गई थी जहां आरोपी ने परिवार के सामने ही गाली, गलौज कर अभद्र शब्द बोलते हुए तुझे जीने का कोई हक नहीं है तुझे मर जाना अच्छा हैं कहकर प्रताड़ित कर गाली गलौज करके भगा दिया था। इस बीच वह दूसरी युवती से शादी करने भी प्रयासरत था जिससे वह परेशान थी और शादी से इंकार किए जाने से गुंजन मण्डल ने 11 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार बाघ निवासी मेटगुडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक सोनामनी मंडावी, आरक्षक भैरव सिन्हा, होरी लाल आर्मो व त्रिनाथ कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एफएलसीआरपी तथा बैंक सखी को बेहतर वित्त प्रबंधन बताया

# माकड़ी में दिया गया वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला कोंडागांव तथा आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस कड़ी में वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में किया गया। इसमें विभिन्न एफएलसीआरपी तथा बैंक सखी को बेहतर वित्त प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जो उनके जीवन के लिए प्रासंगिक है और जिससे वे नकदी व ऋण का बेहतर उपयोग कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

वित्तीय साक्षरता के तहत स्वयं सहायता समूह को चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश कोष तथा बैंक लिंकेज का लाभ लेकर लखपति दीदी बनने के सफर में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अलावा संकट के समय और वृद्धावस्था के दौरान वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सरकार के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं का स्वयं सभी को लाभ लेने तथा परिवार और आसपास के लोगो को भी इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, आकांक्षी विकासखंड फेलो, क्षेत्रीय समन्वयक, एफएलसीआरपी तथा बैंक सखी उपस्थित थे।




## पेज 9 के शेष

### जनसमस्याओं का हो ....

सहित सड़क, नाली, पुलिया अन्य कायोंर् का निराकरण चौपाल के माध्यम से किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान महापौर, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, योगेंद्र पांडे, भारती श्रीवास्तव, आलोक अवस्थी, नरसिंह राव, श्वेता बघेल, नेहा ध्रुव, निर्मल पाणिग्रही, पार्षद त्रिवेणी रंगारी, नीलम यादव, महेंद्र पटेल, सुरेश गुप्ता, मनोहर दत्त तिवारी, आशुतोष पाल, अभिषेक तिवारी, आशु आचार्य सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध शराब के...

बघेल 26 वर्ष निवासी कैलाशनगर दन्तेवाड़ा का होना बताया। तलाशी लिये जाने पर बैग में 10 हेवर्ड्स 5000 बीयर 650 एमएल प्रत्येक का 220 रूपये एवं 20 देशी मदीरा प्लेन पौआ 180 एमएल एवं प्रत्येक का दाम 90 रूपये है, कुल 4000 रूपये की शराब एवं मोटर सायकल हीरो होण्डा क्रं. सीजी 18 ई 6595 को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) छ.ग. आब. अधि. 2015 का अपराध कायम कर कार्यवाही की गई।

### दो ऑनलाइन डिलीवरी...

घटना को अंजाम दिया। जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। थाना कोंटा में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अप.क्र.14/2024 धारा 331(4), 305 (ए), 3 (5) बी.एन.एस.पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। गिरफ्तार आरोपी कुर्मी मुकेश 22 वर्ष निवासी बिरला स्कूलपारा थाना एर्राबोर तथा सागर नायक 21 वर्ष निवासी चिकपाल सकरूपारा थाना केरलापाल हैं।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस हार मानने और तरस खाने वाली पार्टी नहीं : राय



**जगदलपुर।** नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने भाजपा मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी के जारी बयान पर पलटवार करते कहा कि कांग्रेस हार मानने और तरस खाने वाली पार्टी नहीं है, जनता हमारे साथ है। चाहे वो नगरीय निकाय हो या फिर देश की सत्ता यही कारण है कि कांग्रेस 99 सीट लेकर मजबूत विपक्ष के तौर पर खड़ी है। शहरी सत्ता भी कांग्रेस की ही थी और आज कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका समझाने वाले विपक्ष में रहते कुछ नहीं कर सके। जनादेश को पलटना, दबाव की राजनीति करना भाजपा की पुरानी आदत है। यही कारण है कि प्रदेश में सरकार बनते ही भाजपा ने कांग्रेसी महापौर को प्रलोभन और दबाव की राजनीति के तहत भाजपा प्रवेश करवाया। नगर सरकार का दावा करने वाली भाजपा को जनता नकार चुकी है। जनता के मसले और अधिकार की लड़ाई लड़ने से भाजपा डर रही है।

### चयन समिति की हुई बैठक



**लोहण्डीगुड़ा।** विकासखंड में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप व छात्रावास हॉस्टल अधीक्षक, अधिक्षिका में उपस्थिति में छात्र चयन समिति की बैठक हुई। सभी छात्राओं को सम्मानजनक स्थान चयनित किया गया है। छात्रों का भर्तियों में घर से स्कूल अधिक दूरी व स्थानीय ब्लॉक के छात्र छात्राओं को पहली प्राथमिकता दिया गया। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी या स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचना देने को कहा हैं। इस दौरान लोहण्डीगुड़ा एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा, मंडल संयोजक करण बघेल, जनपद सदस्य बसंत कश्यप, जनपद सदस्य बोंजा मौर्य, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष तुलू कश्यप, भरत कश्यप, मोती कश्यप,धनीराम सेठिया, सीताराम मण्डावी, तुलसी सिन्हा, धर्मेन्द्र यादव, विनय मौर्य सहित उपस्थित थे।

### विवि और महाविद्यालय में 22 जुलाई तक मुक्त प्रवेश

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान विश्वविद्यालय में संचालित समस्त अध्ययन शालाओं ने प्रवेश की स्थिति की जानकारी उन्हें दी। कुलपति ने अध्ययनशाला और संबद्ध महाविद्यालयों को शत प्रतिशत प्रवेश करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि अध्ययनशाला और महाविद्यालय में अब 16 से 22 जुलाई तक मुक्त प्रवेश दिया जाएगा। जिन कोर्सेस में सीट रिक्त है और छात्र ने ऑनलाइन आवेदन किया है, छात्र सीधे संबंधित अध्ययनशाला या महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकता है। छात्र को अपने साथ जरूरी दस्तावेज और ऑनलाइन फॉर्म की कॉपी साथ लानी होगी। मौजूदा सत्र में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय पीजी के साथ यूजी की भी पढ़ाई छात्र कर पाएंगे। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पीजी और यूजी में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। छात्र विवि के पोर्टल में जाकर इन कार्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### प्रकरणों पर प्रभावी कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में सीईओ ने कहा कि समस्त विभाग अपने से संबंधित प्रकरणों को निराकरण पूरी तत्परता से कर जिला कार्यालय को अवगत कराये ताकि समय सीमा के एजेंडे से उन्हे विलोपित किया जाए अथवा लम्बित होने के उचित कारण दर्शाते हुए इस संबंध में की जा रही कार्यवाही एवं प्रगति की जानकारी देवें। क्योंकि कई ऐसे प्रकरण होते है जो सीधे राज्य शासन से संबंधित होते है और जिनमें विलम्ब होना स्वाभाविक है।

## घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

# पीएम मोदी की परिकल्पना से बस्तर विकास की ओर अग्रसर : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वन तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप जवाहर नवोदय विद्यालय ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में जिले में शिक्षा के स्तर में व्यापक बदलाव लाने एवं अंदरूनी क्षेत्रों में पहली बार स्कूल खुलने की खुशी स्कूली बच्चों के उमंग और उत्साह का डाक्यूमेंट्री विडियो का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।

- **अंदरूनी क्षेत्र के हजारों बच्चों को शिक्षा से जोड़ा**

उन्होंने अपने उद्बोधन में कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बीजापुर जिला अब शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छूने लगा है। विष्णुदेव साय सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच अब सुनिश्चित हो रही है। बीजापुर के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें सही अवसर मिलना चाहिए केन्द्र और राज्य सरकार के योजना से समूचे बस्तर के आदिवासी बच्चों का भविष्य बेहतर हो रहा है। बीजापुर का नवोदय विद्यालय राज्य में दूसरे स्थान पर है यह जिले के लिए गर्व की बात है यहां केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में उच्चस्तर के शैक्षणिक संस्थान है जिससे जिले के बच्चों का बेहतर भविष्य तय हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा में व्यापक बदलाव आएगा शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने कई बड़े फैसले लिए है। स्कूलों की अद्योसंरचना, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण, गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन छात्रवृत्ति सहित तमाम योजनाएं बेहतर शिक्षा के लिए कारगर सिद्ध हो रही है।बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर के विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल जैसे बुनियादि सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना से बस्तर अब विकास की ओर अग्रसर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित सभी बुनियादि सुविधाएं, व्यक्तिमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन अब जमीनी स्तर पर हो रही है।विधायक विक्रम शाह मंडावी एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने शाला प्रवेशोत्सव पर सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शिक्षा के स्तर में सुधार लाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों पर अमल करते हुए मुतवेंडी कांवड़गांव, डुमरीपालनार जैसे सुदूर एवं संवेदनशील गावों में पुनः स्कूल खोला गया जिसमें हजारों बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया।

शिक्षा के साथ-साथ नियद नेल्लानार योजना के तहत बिजली, पानी, राशन जैसे बुनियादि सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस दौरान इन 25 स्कूलों के स्थानीय स्तर पर नियुक्त शिक्षादूतों का सम्मान किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को फूल, माला, मिठाई एवं तिलक, चंदन लगाकर मुख्य अतिथि केदार कश्यप द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान शंकर कुड़यिम,कमलेश कारम, बसंत राव ताटी, नीना रावतिया उद्दे, बी पुष्पाराव, भाजपा नेता जी वेंकट, श्रीनिवास मुदलियार, पुलिस अधीक्षक डा. जितेन्द्र यादव, डीएफओ सामान्य रामाकृष्ण, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### सांसद को मिली वीर सावरकर के जीवनी की पुस्तक

जिला प्रशासन के अभिनव पहल घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेरी का शुभारंभ मुख्य अतिथि केदार कश्यप द्वारा किया गया। नीति आयोग से प्राप्त राशि के द्वारा जिले के सभी घरों में कम से कम 10 पुस्तकें जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। यह पुस्तकें लोगों के मांग पर उनके मनपसंद साहित्यकारों का पुस्तके दी जाएगी। लोगों के मांग के अनुरूप पुस्तक की भाषा, विषय, साहित्यीक, दर्शन, सामान्य ज्ञान सहित सभी प्रकार की प्रत्येक इच्छानुसार पुस्तकें दी जाएगी। जिससे लोगों को अपने घर में ही लाईब्रेरी का अनुभव हो सकेगा। घर-घर पुस्तक, हर-घर लाईब्रेरी के शुभारंभ के दौरान उन्होंने लाभार्थियों को पुस्तक वितरण किया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री को एक भारत श्रेष्ठ भारत पुस्तक एवं सांसद महेश कश्यप को वीर सावरकर के जीवन पर आधारित पुस्तकें भेंट की।

## विधायक लखेश्वर ने बसन्तरी माता मंदिर का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम पंचायत टलनार पहुंचने के उपरांत ग्राम की माता, बहनों ने पुष्पगुच्छ देकर एक-एक करके आत्मीय भेंट मुलाकात कर स्वागत किया गया। ग्राम प्रमुखों के अनुरोध पर विधायक लखेश्वर ने फीता काटकर नवनिर्मित बसन्तरी माता मंदिर का उद्धघाटन किया और माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के प्रति सुख समृद्धि की कामना की। सर्वप्रथम विधायक ने सभा स्थल पर लोगों को सम्बोधित करते हुए नवनिर्मित माता मंदिर बनने के उपलक्ष्य में समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

विधायक ने कहा कि यह मंदिर बनने से मातागुड़ी में जनसेवा के प्रति लोगों में हर्षउल्लास आना जरूरी हैं। माता का सेवा करना ही मानव जीवन की धर्म हैं। यह सेवा युवाओं को लगाव रखना जरूरी हैं। आने वाले समय में संस्कृति को बढ़ावा देना यह एक इंसान का कर्तव्य होता हैं।

इस दौरान जानकी राम भारती, गुप्ती, मानसिंह, मंगलसाय, सुदन सिन्हा, खगुराम, गंगाराम, बिमों, कार्तिक, मंगलदास, कमल, अनतराम, गुरसन, लुप्तेसश्वर, जितेंद्र तिवारी राजेश कुमार, एवं समस्त कार्यकर्त्ता एवं ग्रामवासी माता बहनें उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा में हुड़दंग करने वाला गया जेल



**किरंदुल।** भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा के दौरान हुड़दंग करने वाला हुड़दंगी रोहित राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शहर में सोमवार को भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा फुटबाल ग्राउंड के पास से राघव मंदिर तक जा रही थी। इस दौरान आईबीपी पेट्रोल पंप के पास नशे की हालत में युवक हल्ला मचाते हुए हुड़दंग मचाने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ा और कार्रवाई की।

## दो माह पहले राशि निकाल ली, काम शुरू नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड विकासखंड के कई ग्राम पंचायतों में आस्था के केंद्र देवगुड़ी और मातागुड़ी जीर्ण शीर्ण हालत में हैं। जिनके जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है। ग्राम पंचायत उड़ियापाल के डेंघगुड़ा बस्ती में बावड़ी मातागुड़ी निर्माण के लिए बस्तर विकास प्राधिकरण मद से 3 लाख रूपए की स्वीकृति सन 2023 -24 में मिली थी। इस स्वीकृत राशि में से डेढ़ लाख रुपए 2

- **फील्ड कर्मचारी और सरपंच के लापरवाही से काम में आ रही बाधा**

माह पहले ग्राम पंचायत द्वारा निकाल लिए गए हैं। बावजूद मातागुड़ी का निर्माण शुरू नहीं कराया गया है। बावड़ी माता आज भी खुले आसमान के नीचे जर्जर हो चले चबूतरे पर विराजमान हैं। चबूतरे पर काई भी लग चुकी है। धूप, बारिश और ठंड के मौसम में माता रानी खुले आसमान तले विराजित रहकर गांव वालों की रक्षा करती आ रही हैं। ग्रामीणों ने माता के लिए एक गुड़ी बनवाने की फरियाद विधायक एवं शासन से की है। राशि स्वीकृत हो गई और उसमें से आधी रकम निकाल भी ली गई, मगर निर्माण कार्य का अता पता नहीं है। गुड़ी बनवाने के लिए सीमेंट की इंटें और बजरी मंगवा कर गुड़ी के पास रखवा दी गई हैं। वहीं कॉलम खड़े करने के लिए महज एक एक फुट गहरे गड्ढे करवाए गए हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इसमें बमुश्किल 20 हजार रुपए ही खर्च हुए होंगे। बाकी 1 लाख 30 हजार रुपए कहां गए इसकी जांच होनी चाहिए।

### पंचायत का भगवान ही मालिक

उड़ियापाल के सरपंच घीवनाथ बघेल मातागुड़ी निर्माण की स्वीकृति से अनजान हैं। वे कहते हैं कि मातागुड़ी निर्माण की स्वीकृति किसने दी है,कौन बनवा रहा है और किस जगह पर मातागुड़ी बन रही है, इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आप रोजगार सहायक से जानकारी ले लो। वहीं ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक फरमाते हैं मैं तो सिर्फ निर्माण कार्य पर नजर रखता हूं। सरपंच सचिव सारा काम कराते हैं। पंचायत सचिव गुलमिल सिंह ठाकुर ने मातागुड़ी निर्माण की जानकारी मांगने पर मौन व्रत धारण कर लिया। सरपंच को अपनी ही पंचायत में चल रहे कार्योंर् की जानकारी न हो और पंचायत कर्मी जिम्मेदारी से पीछे हटने लग जाएं, उस पंचायत का तो भगवान ही मालिक है।

**जल्द शुरू होगा काम**

उड़ियापाल के डेंघगुड़ा पारा में मातागुड़ी निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

-एसएस मंडावी,
सीईओ जनपद बकावंड

## भाजपा सरकार बस्तर के आदिवासियों को षड्यंत्र पूर्वक खत्म करना चाहती हैः मंडावी

*स्वास्थ्य मंत्री से मिलने पालक इंतज़ार करते रहे लेकिन मंत्री पीड़ित परिवारों से नहीं मिलेः नीना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि पोटाकेबिन में अध्ययनरत दो छात्राओं की मौत दुःखद है। तरलागुड़ा और संगमपल्ली पोटाकेबिन में मलेरिया से छात्रों की हुई मौत को रोका जा सकता था। इस घटना से पालकों में डर और भय का माहौल है। पालक अपने बच्चों को पोटाकेबिन से वापस घर ले जा रहे है। इन सारे चीजों को देखने से ऐसा लगता है कि प्रशासन के निचले स्तर से लेकर बड़े स्तर तक लाफ़रवाही बरती गई है। इस मामले में जिला प्रशासन पूरी तरह दोषी है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार से न तो सरकार संबल रही है और न ही स्वास्थ्य सेवाएँ संबल रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर तो आतें है लेकिन वे पीड़ित परिवारों से मिलने नहीं जाते केवल औपचारिकता निभाने बीजापुर आकर वापस चले जातें है ये दुर्भाग्य की बात है।

प्रेसवार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार षड्यंत्र पूर्वक बस्तर के आदिवासियों को किसी न किसी तरीक़े से हत्या कराना चाहती है। चाहे निर्दोष ग्रामीणों का फर्जी मुठभेड़ हो, चाहे नक्सली की गोलियो से हत्या हो या फिर चाहे बीमारियों से मौत हो हर तरह से आदिवासियों की ही मौत हो रही है। भाजपा सरकार आदिवासियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल है इसलिए कांग्रेस पार्टी की मांग है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफ़ा दे देना चाहिए।



वहीं प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जांच दल की संयोजक नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से आदिवासी क्षेत्र में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। पोटाकेबिन में अध्ययन करने वाले छात्रायें मलेरिया से ग्रसित है और भाजपा सरकार में छात्रों का मलेरिया से इलाज नहीं हो पाना दुःख की बात है। सोमवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर के दौरे पर रहे पीड़ित परिवार के लोग स्वास्थ्य मंत्री से मिलना चाहते थे लेकिन मंत्री बीजापुर में ही औपचारिकता निभाकर चले गये। नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि छात्रावासों में न नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता है और न ही स्वच्छता का ख़्याल रखा जा रहा है जैसे ही किसी छात्रा का तबियत ज़्यादा ख़राब हो जाती है तो अधीक्षक छात्र का इलाज करवाने के बजाय उसे परिजनों को घर ले जाने को कहा जाता है। नीना रावतिया उद्दे ने आगे कहा कि जिले में अधीक्षक से लेकर बड़े अधिकारी केवल भ्रष्टाचार करने में लगे है।

विदित हो कि तारलागुड़ा और संगमपल्ली पोटाकेबिन में अध्ययनरत छात्रों की मलेरिया से हुये मौत को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने ज़िला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री नीना रावतिया उद्दे के नेतृत्व में 9 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था, जिसमें नीना रावतिया उद्दे को जांच दल का संयोजक एवं सरिता चापा जिपं सदस्य, पार्वती कश्यप जिपं सदस्य, संतकुमारी मंडावी जिपं सदस्य, गीता कमल अध्यक्ष-जिला महिला कांग्रेस, निर्मला सरपल्ली अध्यक्ष जपं, अनिता तेलम अध्यक्ष जपं, बोधी ताती अध्यक्ष-जिपं , रिंकी कोराम, अध्यक्ष नगर पंचायत आदि को जांच दल का सदस्य बनाया गया था। जांच समिति के सदस्यों से अविलंब प्रभावित पोटाकेबिनों का दौरा कर पीड़ितों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट, चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने का आग्रह किया गया था। जांच दल ने सोमवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था।

प्रेसवार्ता के दौरान लालू राठौर, शंकर कुडियम, बसंत राव ताटी, सोमारु कश्यप के अलावा कांग्रेसी मौजूद थे।

## शासकीय माध्यमिक शाला कोरकोटी में न्योता भोज एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभान्वित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। गीदम अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोरकोटी में डॉ कविता स्वामी ने न्योता भोज का आयोजन करवाया। डॉ कविता स्वामी जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर की भूतपूर्व छात्रा भी रह चुकी है। न्योता भोजन से बच्चों को नया स्वाद एवं पौष्टीक भोजन मिल सके अंदरूनी विद्यालय के विधार्थियों तक इसका लाभ मिले डॉ. कविता की मंशा रही। न्योता भोजन में शाला से उपस्थित 25 विधार्थियों के साथ समुदाय/शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल समन्वयक हितामेटा बनित कुमार नाग एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। न्योता भोजन में खीर, पूड़ी, पनीर, हरा सब्जी आदि शामिल किया गया। भोजन के पश्चात सभी के सहयोग से शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया।



## भावभीनी विदाई दी गई, दंडक गुफा के खोज में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा

# फारेस्ट गार्ड से रेंजर पद तक पहुंचने वाले रामदास हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

बाल्य अवस्था से ही कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के गांव नेगानार में बचपन बिताने वाले रामदास बघेल की नियुक्ति कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बीट तीरथगढ़ में फारेस्ट गार्ड के रूप में हुई थी, अपने कर्मठ सेवा के चलते वे फारेस्ट गार्ड से रेंजर पद तक पहुंचे।

इनकी जीवंत सेवा का प्रत्यक्ष उदाहरण है की वे छोटे से पद से लेकर रेंजर पोस्ट तक पहुँचे, इस दौरान उन्होने कुटुमसर, बकावंड, गीदम, कुटरू, बीजापुर जैसे क्षेत्रों में कार्य किया और नक्सली चुनौती जैसे क्षेत्रों में कार्य करना स्वीकार किया। सरल स्वभाव के रामदास बघेल का ग्रामीणों से मधुर संबंध है, जिसके चलते वनरक्षा में इन्हे ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। बताया जाता है किया कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित पर्यटन स्थल दंडक गुफा के खोज में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुटुमसर एवं तीरथगढ़ क्षेत्र में पर्यटन सुविधा विकसित करने में भी उन्होने अपने उच्चधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वनक्षेत्र से भलीभांति परिचित होने के कारण स्थानीय वन्य जीव जंतुओ के प्रति विशेष जानकारी हासिल है। लगभग 40 साल फारेस्ट विभाग में सेवा देने के पश्चात इनकी सेवा निवृत्ति हुई है। सेवा निवृत होने के पश्चात स्थानीय वनकर्मियों एवं लोंगो ने तीरथगढ़ में इनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया। जहां विशेष रूप से मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त आरसी दुग्गा उपस्थित रहे। जिन्होंने इस अवसर पर कहा की पिछड़े क्षेत्रों से किसी व्यक्ति का संघर्ष करते हुए उच्च पदों पर पहुंचना गौरव की बात है, जिससे स्थानीय लोंगो को आगे बढ़ने की प्रेणा मिलती है। इस अवसर पर उन्होंने सेवा निवृत्त रामदास बघेल को आगे के जीवन के लिए शुभकामनायें दी। गौरतलब है कि अपने अलग अलग क्षेत्रों में सेवा के चलते रामदास बघेल ने अपने बच्चों के शिक्षा दीक्षा में कोई कोताई नहीं बरती, उनके 5 बेटे है जो पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, और वन विभाग में अपनी सेवा दे रहे है। विदाई के अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों और सहकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा की आप सबके सहयोग से मैं यह मुकाम हासिल कर सका।

इस विदाई कार्यक्रम में जनपद सीईओ केसरीलाल फाफा, मंगर कश्यप, रामलाल कश्यप, पीडी हरीश, मुन्नू सिंह, भोला श्रीवास्तव, निलाप सिंह ठाकुर, महेन्द्र नायक, मूलचंद सेठिया, रमेश दास, जयराम, डमरू ठाकुर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



**// ईश्तहार //**

**क्रमांक/ 799 / राजस्व/ न.पं./ 2024-25**
**गीदम, दिनांक 15/07/2024**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत नवीन बस स्टैण्ड गीदम में निर्मित दुकान क्रमांक एस 01 का उच्चतम बोली लगाकर श्री दीपक जैन गीदम के द्वारा लिया गया था. दीपक जैन को कुछ परेशानियां होने के कारण उनके द्वारा दुकान को श्री हरीश सोनी पिता श्री ईश्वर लाल सोनी के नाम स्थानातंरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें संबंधित प्रकरण इस निकाय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यापारी अथवा अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30.07.2024 तक इस कार्यालय में कार्य दिवस में स्वंय या अपने अभिकर्ता के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि पश्चात आवेदन या आपत्ति इस कार्यालय द्वारा स्वीकार नही किया जावेगा। आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा से किया गया।

(मुहर)

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गीदम**
**जिला-द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग )**

# बारिश में एकाएक आई बाढ़ से कैसे बचें, बच्चों को बताए गए उपाय

## बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानी से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अलनार में बाढ़ से बचाव कार्यक्रम के तहत बच्चों को जानकारी दी गयी। प्रधानाचार्य अजय कोर्राम ने बच्चों को बाढ़ से बचाव के लिए कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास की जानकारी दी गई साथ ही पूर्वाभ्यास भी कराया गया। बच्चों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में बताया गया। साथ ही बताया गया कि बारिश के दौरान एकाएक बाढ़ आने से अपने को और अन्य साथी बच्चों को कैसे बचाना है, इसके गुर भी सिखाया गया। वही खानपान के साथ बचाव के अन्य तरीकों की भी जानकारी साझा की गई। बच्चों को बताया गया कि बाढ़ के दौरान खाना ढंक कर रखें, हल्का भोजन करें एवं उबला हुआ पानी पीएं। इस दौरान चावल का पानी, नारियल पानी आदि का दस्त के समय सेवन करें और वह अन्य उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने में मदद करें। सबसे पहले गर्म कपड़े, जरूरी दवाइयां, निजी कागज आदि को वाटर प्रुफ बैग में डालकर उन्हें आपातकालीन बॉक्स में अपने साथ रख लें। अगर पानी की गहराई की जानकारी नहीं हो तो उसे कभी भी पार करने की कोशिश ना करें। उन्होंने बताया कि बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने के लिए बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए। बाढ़ के दौरान तत्काल बचाव के लिए स्थानीय उपलब्ध संसाधनों से जुगाड़ तकनीकी के माध्यम जैसे थर्मोकोल का बेड़ा बनाकर पानी में तैर सकते हैं। पानी के खाली बोतल का बेड़ा, केले थम्स से बना बेरा, खाट का बेरा, मटका का बेरा, इन सब चीजों से आप तत्काल नदी पार कर सकते हैं। इस दौरान शिक्षक नरेश देवांगन, श्रीकांत कश्यप, चुलेश्वर, अजीत कुशवाहा, संजय कुमार मंडावी, हर्ष शशांक शेंडे, राहुल कुमार पांडेय, स्पंदन पाराशर, एम.पुष्पा जैन, ज्योति कुजूर, स्मृति कुजूर, पूजा रंगारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा पर कार्यक्रम 20 से

**जगदलपुर।** साई सेवा समिति 20 से 22 जुलाई तक गुरू पूर्णिमा मनाएगा। 20 को प्रातः 5.15 बजे काकड़ आरती पश्चात अभिषेक होगा। प्रातः 8 बजे पालकी यात्रा अग्रसेन चौक से होते हुए दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, स्टेट बैंक, चांदनी चौक से वापस मंदिर में आएगी। प्रातः 9 बजे साई यज्ञ प्रारंभ होगा। दोपहर 12 बजे आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 5.30 से रात्रि 10 बजे तक फूलों से अर्चना, संध्या आरती व शेजारती की जाएगी। 21 को प्रातः 5.15 बजे से प्रातः 7 बजे तक काकड़ आरती व महाअभिषेक किया जाएगा। 10.30 बजे विभूति अर्चना दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती पश्चात लागू वाटिका में महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। 22 को काकड़ आरती, महाअभिषेक, साई यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात साईं बाबा पुष्प अर्चना, तुलसी पूजन, सत्यनारायण पूजा पश्चात दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 6.30 से रात्रि 10 बजे संध्या आरती, साई संध्या व शेजारती की जाएगी।

### साहू समाज की मिडिया प्रभारी बनी नीलमणी



**जगदलपुर।** साहू समाज की मासिक बैठक अध्यक्ष गणेश राम साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान सर्व सम्मति से नीलमणी साहू को साहू समाज के मिडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में समाज के सृजनात्मक कार्योंr पर चर्चा की गई। साथ ही साहू समाज के सामाजिक भवन के लिए सामाजिक बंधुओ से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। समाज के द्वारा शुरू किये गए वृक्षारोपण अभियान को सतत जारी रखने की बात कही गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष, सचिव देव नारायण साहू, मलखन राम सोनवानी, गोपी साहू, भोजकुमार साहू, जोहन राम साहू, रूपेंद्र साहू, लाल बहादुर साहू, उत्तम साहू, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, राजू साहू, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### लघु उद्योग स्थापना के लिए मिलेगा अनुदान

**दंतेवाड़ा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से जारी विज्ञप्ति अनुसार केन्द्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढावा देने हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित की जा रही है। योजनांतर्गत राईस मिल, आटा मिल, दाल मिल, अचार, पापड़, मुरब्बा, जैम, जेली, जूस, चिप्स, नमकीन, मसाला पावडर जैसे उद्योग स्थापित किया जा सकता है। इस संबंध में व्यक्तिगत उद्यमी, एसएचजीएस, एफपीओएस/कॉपरेटीव स्वयं का उद्योग स्थापित करने हेतु 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंकड (अधिकत्तम परियोजना लागत पर 10.00 लाख रूपये तक) अनुदान की पात्रता होगी।

## ज्ञानगुड़ी में नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कार्यक्रम

# पढ़ाई का दबाव नहीं लें, अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करें : देव

## प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्लेटफार्म : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि पढ़ाई का दबाव नहीं ले, अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करें। अपने निर्धारित लक्ष्य के साथ पढ़ाई पर फोकस करें और परीक्षा की तैयारी करें। सभी विद्यार्थियों को ज्ञानगुड़ी की बधाई। इस सत्र में ज्ञानगुड़ी में बस्तर, रायपुर, बिलासपुर संभाग से बच्चे चयनित हुए हैं, ज्ञानगुड़ी से पहला सत्र में नीट परीक्षा में 64 बच्चे क्वालिफाइंग किए इसके लिए चयनित बच्चे सहित संस्था के शिक्षकों की मेहनत के लिए बधाई। ज्ञानगुड़ी में पढ़ाई के अवसर का लाभ लें, मन लगाकर पढ़ाई करें, आधुनिक तकनीक का भी उपयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, सामाजिक, लोकार्पण-शिलान्यास जैसे कार्य में जाते रहते हैं, परंतु स्कूली बच्चों के इस तरह का कार्यक्रम में आना सौभाग्य की बात है। आज की परिस्थिति में सभी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा है, सभी अपनी क्षमता को पहचानें। हर व्यक्ति में कोई ना कोई एक विशेष गुण होता है, उसे पहचान करना जरुरी है। ज्ञानगुड़ी में शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्र में सेलेक्ट होकर अच्छी जगह पर पहुंचे। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि ज्ञानगुड़ी संस्था का संचालन आदिवासी अंचल के बच्चों को अन्य बड़े शहरों के बच्चों से प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्लेटफार्म है। ज्ञानगुड़ी में पहले सत्र में 100 और 120 क्रेश कोर्स में 64 छात्रों ने नीट क्वालीफाई किया। बस्तर अब कोटा शहर जैसे प्रवेश परीक्षा तैयारी करवाने में कम नहीं है। कम समय में यहाँ से बच्चे सलेक्ट हो रहे हैं यह बस्तर की प्रतिभावान बच्चों के लिए बहुत अच्छा है। कोई किसी से कम नहीं बस एक सही दिशा देने की जरूरत है। ज्ञानगुड़ी में नीट, बीएससी नर्सिंग, जेईई जैसे प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयारी करवाई जा रही है। बच्चे संस्था से जुड़े लगन, अनुशासन के साथ पढ़ाई करें और अपने भविष्य को बेहतर बनाए। ज्ञानगुड़ी के दूसरे सत्र में 120 सीट का बैच बनाने का लक्ष्य था किंतु आवेदन अधिक आने के कारण सीट 150 किया गया। इसके लिए 1300 आवेदन आए प्रवेश परीक्षा लिया गया उसमें से 150 को चयनित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों के सवाल पर जवाब भी दिए। विद्यार्थियों ने प्रशासन की व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया। शासकीय मेडिकल कॉलेज में सलेक्ट होने वाले 7 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, ज्ञानगुड़ी के प्रभारी और समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



### सरकार का शिक्षा पर जोर

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि ज्ञानगुड़ी से पहले सत्र में बस्तर अंचल के चयनित हुए उन्हे बधाई। सरकार लगातार शिक्षा पर कार्य कर रही है, सरकार ने बस्तर क्षेत्र में मेडिकल, कृषि कालेज, इंजीनियरिंग कॉलेज की सुविधा बढ़ाई है। यहाँ से पढ़ाई किए बच्चे बस्तर अंचल में अपनी सेवाएं देंगें। ज्ञानगुड़ी ने बच्चों के भविष्य को बेहतर करने का अवसर दिया है।

### ज्ञानगुड़ी सपनों को पूरा करने का माध्यम

महापौर सफीरा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सुशासन के तहत मुख्यमन्त्री के द्वारा शुभारंभ ज्ञानगुड़ी में प्रशासन की पहल पर और ज्ञानगुड़ी के शिक्षकों के मेहनत से 64 बच्चे सलेक्ट हुए। ज्ञानगुड़ी पालकों के सपनों को पूरा करने का माध्यम बना अधिक से अधिक बच्चे इसमें तैयारी करें, सभी बच्चे मन लागाकर पढ़ें -आगे बढ़ें।

## प्रधानमंत्री मोदी की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता भारत के लिए गर्व : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल में ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 100 मिलियन फालोवर्स होने पर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हुई है उनके रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर 100 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हो गए। वे सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले ग्लोबल लीडर बन गए हैं। पीएम मोदी की इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भारत में बल्कि वैश्विक मंच पर उनकी महान राजनीतिज्ञता का भी प्रमाण है। इस उपलब्धि पर देश को गर्व है। इससे भारत के मूल मंत्र वसुधैव कुटुम्बम और मोदी का परिवार समूचा विश्व प्रधानमंत्री पर भरोसा कर रहा है। उनके नेतृत्व से एक नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक व्यक्तित्व और लोकनिष्ठ कार्यशैली ने कोटि-कोटि जनों की भावनाओं को स्पर्श किया है। अटूट जन विश्वास और अपार लोक समर्थन को व्यक्त करती इस आत्मीय पूंजी के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समूचे बस्तर, छत्तीसगढ़ व देशवासियों की ओर से बधाई प्रेषित की है।



- प्रधानमंत्री के एक्स अकाउंट पर 100 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स, दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता

## बस्तर को मिले 5 आर्बिटर, शतरंज खिलाड़ियों को दक्ष करेंगे

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्तरीय आर्बिटर सेमीनार में प्रदेश भर से लगभग 40 लोगों ने भाग लिया। सेमिनार में शतरंज की बारीकियां और नियमों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई इसका उद्देश्य शतरंज जैसे खेल में आर्बिटर की ट्रेनिंग देकर उनको राज्य स्तर पर टूर्नामेंट आयोजित कराने के लिए परिपक्व करना और आर्बिटरों की कमी को दूर करना था। ताकि छत्तीसगढ़ में शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन ट्रेंड आर्बिटरों द्वारा कराया जा सके। सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, अनीश अंसारी, राखी देवांगन, आशुतोष द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मुख्य आतिथ्य और इंटरनेशनल खिलाड़ी किरण अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न इस सेमिनार में अंतिम दिवस परीक्षा ली गई। सेमिनार में जगदलपुर से शशांक श्रीधर, जयश्री शेंडे, पूर्णिमा सरोज, तरुण सारथी और अभिनव जेना ने भाग लिया। बस्तर के लिए महत्वपूर्ण यह रहा कि सभी ने परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर बस्तर को गौरवान्वित किया। अब सभी पांचों को स्टेट आर्बिटर का दर्जा प्राप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ में शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन में अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं।



## 3 मंडी व 2 उपमंडी के 39 एकड़ जमीन पर 19 वर्ष से सुरक्षा बलों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मंडी को कब्जे की जमीन का नहीं मिल रहा किराया, सुरक्षा बल से हो रही आय प्रभावित

बस्तर संभाग के सातों जिलों में 11 कृषि उपज मंडी शामिल है। इसमें से 3 मंडी एवं 2 उपमंडी के लगभग 39.05 एकड़ जमीन 19 वर्ष से सुरक्षा बलों के कब्जा में है। बीजापुर मंडी का 11 एकड़, नारायणपुर मंडी का ढाई एकड़, कोंडागांव मंडी का 9 एकड़, भोपालपटनम उपमंडी का 15 एकड़ एवं दोरनापाल उपमंडी का 2 एकड़ जमीन वर्ष 2005 से सुरक्षा बल तैनात हैं। बताया जा रहा है कि नक्सल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इसके चलते जवानों को देखकर मंडी एवं उपमंडी में व्यापारी एवं संग्राहक पहुंचना मुश्किल हो रहा है, यही कारण है कि लगभग 19 वर्षों से मंडी में उपज की आवक कमी एवं आय प्रभावित हो रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों की ओर से मंडी को कब्जे की जमीन का अब तक किराया नहीं दिया जा रहा है। हालांकि कुछ पूर्व मंडी की ओर से पुलिस से कब्जे का किराया मांगने का प्रयास किया पर कोई जवाब नहीं मिला।



### जेडी की होती है जवाबदारी

मंडी रायपुर के अधीक्षण अभियंता एके डोडवानी ने इस संबंध में बताया कि कब्जे की जमीन पर मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक की ओर से एक्ट पर कार्रवाई कर सकें। क्योंकि इसकी जवाबदारी जेडी की रहती है।

## बालाजी भगवान का अभिषेक आज



**जगदलपुर।** भगवान वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर में बुधवार को सुबह 10 बजे शुद्ध एकादशी पर बालाजी भगवान का दूध एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर समिति ने अपील करते कहा कि भक्तगण भगवान के चरणों में सामग्री समर्पित कर अपने नाम, गोत्र से पूजा करेंगे। पूजा के पश्चात भोग प्रसाद भक्तों को मिलेगा।

## योगेश बने बस्तर धाकड़ क्षत्रिय समाज के संभागीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक रविवार को सिंचाई कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन में हुई। जिसमें बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज का त्रिवर्षीय चुनाव समाज के संरक्षक कुमार जयदेव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। त्रिवार्षिक चुनाव में संभागीय अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर निर्वाचित घोषित हुए। जबकि संभागीय सचिव में एमडी राठौर, कोषाध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह चुने गए। इस चुनावी कार्यक्रम में जगदलपुर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, सुकमा, कोडागांव एवं सुकमा जिला के लिए उपाध्यक्ष, सहसचिव तथा कार्यकारिणी सदस्य चयनित हुए। कार्यक्रम में सिकन्दर सिंह, जगत सिंह, रणधीर सिंह, मुरली सिंह, देवेन्द्र राठौर, अरूणा चौहान, मजू सिंह, सावित्री परमार एवं अन्य पुरुष, महिला एवं युवा सम्मिलित हुए।



## गोंचा में कलाकारों ने गीत-संगीत से किया लोगों का मनोरंजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोंचा महापर्व में राग द म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भजन संध्या का आयोजन सिरहासार भवन के सामने किया गया। जिसमें देर रात तक भक्त झूमते रहे। शानदार आर्केस्ट्रा के साथ हिंदी एवं उड़िया गीतों की प्रस्तुति कलाकारों ने दी। कलाकार सुरेश जैन, मनीष श्रीवास्तव, समीर जैन, दिव्यांशी शुक्ला, जगदीश कुंतल, योगेश चंद्र मौर्य, प्रियंका वैद्य, चंद्रभान सलमान, राजकुमार डोंगरे, प्रवीर पॉल और निशांत ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान राग द म्यूजिकल गुरप के अध्यक्ष बीजू विश्वास, सचिव प्रशांत दास, उपाध्यक्ष ज्योति गर्ग उपस्थित थे। जयपुर ओड़िशा से आए संतु भाई म्यूजिकल गुरप के कलाकारों ने बेहतरीन वाद्य यंत्र बजाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गिटारिस्ट बेनी व तबला वादक अर्जुन बेहरा ने भी गानों में कलाकारों का साथ दिया। इस दौरान 360 घर आरण्यक समाज के अध्यक्ष ईश्वर नाथ खंबारी, नरेंद्र पाणिग्रही, राजीव नारंग, पार्षद दीप्ति पांडे, अनीता श्रीवास्तव, ओंकार पांडे एवं समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। संचालन गुरप की वंदना झा ने किया।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे जरूरी है पढ़ाई : लखमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गंजेनार में हाईस्कूल का विधायक ने किया उद्घाटन

पढ़ा, लिखा व्यक्ति ही आज हर क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंच रहा है जो पढ़ा-लिखा नहीं है उसे हर कदम पर तकलीफ और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को आज पहले से ज्यादा पढ़ने की सुविधा मिल रही है। इसलिए सभी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। रोज स्कूल आकर रोज पढ़ें और घर में जाकर उसे फिर से पढ़ें। विधायक कवासी लखमा ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लाक के ग्राम गंजेनार में हाईस्कूल भवन का उद्घाटन करते यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को डाक्टर, इंजीनियर, आईएएस अधिकारी, वैज्ञानिक जिस क्षेत्र में भी आदिवासी और अन्य वर्ग के गरीब परिवार के बच्चे आगे बढ़ना चाहते हैं उस क्षेत्र में भरपूर मौका दे रही है। बस्तर के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है आज यहां के बच्चे बड़े-बड़े पदों में पहुंच रहे हैं। पढ़-लिखकर ही गरीब आदिवासियों का जीवन बेहतर बन सकता है इसलिए पढ़ने के अवसर को बिल्कुल भी गंवाना नहीं चाहिए। विधायक ने अपने जीवन से संबंधित कुछ घटनाओं का उदाहरण भी दिया जिसमें पढ़ा-लिखा नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा आज का समय कम्प्यूटर का युग है इसलिए सभी बच्चे पढ़ाई में फर्स्ट आने के संकल्प के साथ पढ़ाई करें। निश्चित रूप से पढ़-लिखकर अपने परिवार और समाज के साथ-साथ देश-प्रदेश की सेवा भी कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित पालकों से उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजें। सरकार कापी, किताब, गणवेश, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन सब कुछ दे रही है। यहां तक कि आश्रम छात्रावास में रहकर पढ़ने का अवसर भी देती है इसलिए लड़का हो या लड़की सभी को पढ़ाना चाहिए। लड़कियों के लिए सायकल देकर सरकार उन्हें बीच में पढ़ाई छोड़ देने की समस्या से राहत दी है। उन्होंने शिक्षकों से भी कहा कि बच्चों को पढ़ाने का जो मौका आपको भगवान ने दिया है उसे पूरी ईमानदारी से करें। रोज समय पर स्कूल आकर बच्चों को अपने ज्ञान से परिपूर्ण करें।



### आत्मानंद स्कूल में बच्चों की अंग्रेजी में पढ़ाई

विधायक कवासी लखमा ने कहा कि पिछली सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे मैं उनके साथ मंत्री रहा आज हमारे मुख्यमंत्री के द्वारा पूरे प्रदेश में शुरू किए गए आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का लाभ बच्चों को मिल रहा है। बच्चे अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहे हैं। मुफ्त में पढ़ाने का अवसर भूपेश बघेल ने दिया है। उन्होंने गरीब परिवार के बच्चे जो कान्वेंट स्कूल में महंगी फीस देकर नहीं पढ़ पाते थे उन्हें अवसर दिया है। इसका लाभ आज भी पूरे प्रदेश के खासकर बस्तर जैसे गरीब, आदिवासी अंचल के बच्चों को मिल रहा है। गरीब पालक भी आज अपने बच्चों को सरकारी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाकर प्रसन्न हैं।

## बोघघाट रोड में गड्ढे, जर्जर सड़क से दुर्घटनाएं होने की बढ़ी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मानव संसाधन विकास समिति ने लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक एक को दिए गए ज्ञापन में बताया कि संभागीय मुख्यालय शहर के साकेत कालोनी से बोधघाट सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने एवं जर्जर होकर सड़क उखड़ गई हैं। इससे आवागमन कर रहे राहगिरों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही हुण्डाई कार शो-रूम के पास अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। उसे सही कर चौड़ा किया जाना अति आवश्यक है, बारिश के पूर्व सभी शहर, ग्रामीण क्षेत्रों के जर्जर सड़कों की फीलिंग एवं मरम्मत किया जाना जरूरी है। एनएमडीसी के द्वारा स्लरी पाईप लाईन बिछाने के लिए भी कई जगहों पर सड़कों को खोदकर खराब कर दिया गया है। सड़क के गडढे में मिट्टी भर दिया गया है, जो बारिश में बड़े-बड़े गडढे का रूप ले लेगा और दुर्घटना, अप्रिय घटनाओं को निमंत्रण देगा। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित कर तत्काल सुधार किया जाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार दुर्घटना एवं अनहोनी होने से पूर्व आमजनों के जीवन को सुरक्षा प्रदान किया जा सके एवं जानमाल की हानि होने से आमजनता को बचाया जा सके।



### मरम्मत की मांग

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मानव संसाधन विकास समिति के संभागीय महासचिव योगेन्द्र कुमार कश्यप ने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता से बारिश के पूर्व खराब सड़कों की फीलिंग एवं मरम्मत शीघ्र करवाने की मांग की। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाकर आमजनों को राहत प्रदान किया जा सके।